शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 732 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 31/08/2021

प्रति,

1. प्राचार्य,
   समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
2. विभागाअध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला,
   शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,
   जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

विषय :– सत्र 2021–22 में माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से दिनांक 01.09.2021 से दिनांक 15.09.2021 तक प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित करने एवं प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची के संबंध में।

संदर्भ :– सत्र 2021–22 के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक/अकादमिक कैलेण्डर।

*****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक/1722/213/आउशि/सम./2021 दिनांक 26.07.2021 के माध्यम से प्राप्त सत्र 2021–22 के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक/अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार सत्र 2021–22 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों स्नातक प्रथम वर्ष हेतु प्राचार्य के अधिकार से दिनांक 02.08.2021 से दिनांक 31.08.2021 तक, अन्य कक्षाओं हेतु परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिवस के अन्दर तथा कुलपति की अनुमति से प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 15.09.2021 निर्धारित है।

अतः विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग अन्तर्गत विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों में दिनांक 01.09.2021 से दिनांक 15.09.2021 तक सत्र 2021–22 के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुसार एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु सीमा के बंधन को समाप्त किये जाने संबंधी छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए **नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित करने हेतु महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा अधिकृत किया गया है।**

कृपया आपके महाविद्यालय/अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 म प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात् दिनांक 02.08.2021 से 31.08.2021 तक नियमानुसार प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करेंगे। दिनांक 01.09.2021 से 15.09.2021 तक नियमानुसार प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन हेतु विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

आदेशानुसार

31/08/2021

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 733 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 31/08/2021

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
03. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
04. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

31.8.2021

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)